तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोंड़ीउपरोड़ा

4 डडसेना कलार समाज का परिचय एवं वार्षिक सम्मेलन संपन्न



## खबर संक्षेप

### गुरु गद्दी धाम पताढ़ी में सतनाम मेला 30 से

**कोरबा।** गुरु गद्दी धाम एवं सतनाम विकास समिति पताढ़ी के तत्वाधान में सतनाम प्रांगण पताढ़ी में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक माघी पुन्नी सतनाम मेला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष लखनलाल लहरे, सचिव गेस राम मिरी एवं प्रवक्ता डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे ने राज्य के समस्त कलाकारों, पंथी नर्तक दलों, संत-महंतों, प्रवचन कर्ताओं, कलाकारों, व्यापारियों एवं दर्शकों को आमंत्रित किया है। श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी। समिति ने दुकान के लिए पूर्व से स्थान सुरक्षित कराने व्यापारियों से आग्रह किया है।

### आईटीआई पाली में गौ-विज्ञान परीक्षा संपन्न

**कोरबा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पाली में राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति रायपुर के निर्देशानुसार 19 जनवरी को गौ-विज्ञान परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया जिसमें 29 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए। साथ ही साथ गौवंश के संरक्षण एवं उत्थान हेतु संकल्प कराया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य आई.के.देवांगन सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

### महोत्सव, जनप्रतिनिधियों एवं उपक्रमों की बैठक आज

**कोरबा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय पाली महोत्सव का आयोजन पाली महोत्सव ग्राउंड केराझरिया में किया जायेगा। पाली महोत्सव की आवश्यक तैयारी हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है। इसी तरह जिले के सार्वजनिक/उपक्रमों की आवश्यक बैठक 22 जनवरी को शाम 4 बजे कलेक्टर सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

### एसडीएम व मंडी ने कराया 1 हजार क्विंटल रकबा समर्पण

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित उपकेंद्र तुमान में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पोड़ी उपरोड़ा तथा मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपकेंद्र में धान उपार्जन प्रक्रिया, रकबा मिलान एवं गुणवत्ता संबंधी दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर कुल 12 किसानों से लगभग 1000 क्विंटल रकबा समर्पण कराया गया। साथ ही समिति परिसर में जमा अमानक धान की वापसी की कार्रवाई नियमानुसार सुनिश्चित की जा रही है। पोड़ी उपरोड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मनोज कुमार बंजारे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, ओवर रकबा, अमानक धान या गुणवत्ता संबंधी त्रुटियों को गंभीरता से लिया जाएगा। विभागीय टीमों द्वारा ऐसे निरीक्षण आगे भी लगातार किए जाते रहेंगे ताकि पारदर्शिता एवं सुचारु उपार्जन प्रक्रिया बनाए रखी जा सके।

### मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार, स्वीप कार्यक्रम के तहत शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में एसआईआर 2026 एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में भव्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली महाविद्यालय के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब एवं एन.सी.सी. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। रैली का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना एवं आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करना था। प्राचार्य डॉ. लाजरस ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना और उनके द्वारा मतदान किया जाना अनिवार्य है।

# स्कूलों में छात्राओं को सिखाए जा रहे आत्मरक्षा के गुर, बनेंगी सशक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

समग्र शिक्षा अभियान के तहत राज्य शासन की रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण काग्रक्रम के अंतर्गत बीते एक वर्ष से स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके लिए विभाग के द्वारा प्रशिक्षकों की तैनाती भी की गई है जिन्हें मानदेय भी दिया जा रहा है। ग्रामीण अंचल के अधिकांश स्कूलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया गया है।

जिले के मीडिल स्कूल से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी की छात्राओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कराटे का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जा रहा है। खेल पीरियड के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विभाग के द्वारा इसके लिए अल्प मानदेय में प्रशिक्षकों को रखा गया है।

### शिक्षा विभाग ने शुरू किया है अभियान

**खास बातें**

- रानी लक्ष्मी बाई योजना के तहत प्रशिक्षकों की हुई है तैनाती
- करतला ब्लॉक के संदीपाली स्कूल में दिया गया प्रशिक्षण



### ग्रामीण छात्राओं में बढ़ रही है रुचि

समग्र शिक्षा अभियान के तहत के चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण छात्राओं की रुचि शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ज्यादा देखी जा रही है। प्रशिक्षण के पहले इसका मूल्यांकन भी किया जाता है और प्रशिक्षण के बाद प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट के माध्यम से प्रशिक्षण का टेस्ट लिया जाता है। प्रशिक्षण के लिए छठवीं से 12वीं तक के छात्राओं के अलग अलग समूह बनाए जाते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रुप से मजबूत बनाया जाता है।

इसका उद्देश्य सरकार द्वारा लड़कियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। इसके तहत छात्राओं को कराटे, जूडो, मार्शल आर्ट का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि छात्राएं विपरीत परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा कर सके। जिले के सभी ⏭ शेष पेज 3 पर

### विभाग के प्रस्ताव को केंद्र सरकार से मिली स्वीकृति

# पाली ब्लॉक में 30 लाख की लागत से स्थापित होगी तेल उत्पादन की यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय तेल धानी मिशन अंतर्गत केंद्र सरकार ने प्रदेश के 5 जिलों में तेल उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए

**खास बात**

- राष्ट्रीय तेल घानी मिशन अंतर्गत होगा काम

प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इन 5 जिलों में कोरबा जिला भी शामिल है। जिसके पाली ब्लॉक को इकाई की स्थापना के लिए चयन किया गया है। जहां के कोरबा पाली फार्मा प्रोड्यूशर कंपनी को यह काम दिया गया है। यूनिट स्थापना के लिए लगभग 10 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

जिले में धान के रकबा के अलावा अब सरकार तिलहन के रकबा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्पादन यूनिट उन क्षेत्रों में लगाने जा रही है जहां तिलहन के पैदावार की असीम संभावनाएं हैं और किसान धान बोने के सबसे ज्यादा तिलहन की ही फसल लेते हैं। जिले में 15 हजार हेक्टेयर में तिलहन की फसल ली जाती है। पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में तिलहन का उत्पादन सर्वाधिक होता है किंतु अब तक किसी तरह की तेल उत्पादन की बड़ी इकाई जिले भर में नहीं थी और सरकार की सरकारी दर पर तिलहन की खरीदी नहीं करती थी। इस वजह से तिलहन की फसल लेने वाले लोगों को उनकी फसल उत्पादन का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। मजबूरी में व्यापारियों को किसान तिलहन की फसल बेचने के लिए मजबूर हो जाते हैं। प्रदेश सरकार की ओर से तेल उत्पादन इकाई की स्थापना हेतु सर्वे कराया गया तो आदिवासी जिला होने के कारण यहां के किसानों को आर्थिक आय दिलाने के लिए जिले से भेजी गई रिपोर्ट में पाली और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में तिलहन फसल के सर्वाधिक उत्पादन का उल्लेख किया गया। इस रिपोर्ट के बाद प्रदेश सरकार की ओर से केंद्र सरकार को इसकी जानकारी भेजी गई। दो दिन पूर्व ही केंद्र सरकार ने प्रदेश के 5 जिलों में इकाई स्थापना को मंजूरी दी है। जिसमें कोरबा जिला भी शामिल है।



### इकाई स्थापना की मिली मंजूरी

राष्ट्रीय तेल धानी मिशन अंतर्गत जिले में तेल उत्पादन इकाई स्थापना की मंजूरी केंद्र सरकार से मिली है। इसके लिए लगभग 10 लाख रुपए की सब्सिडी दी जाएगी। पाली विकासखंड अंतर्गत इकाई की स्थापना की जाएगी।

-डी पी एस कंव, उपसंचालक कृषि

### मिलेगी किसान उत्पादन संगठन को सब्सिडी

तेल उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए सरकार की ओर से 9 लाख 90 हजार रुपए की सब्सिडी दिए जाने की भी योजना लागू की गई है जो तेल उत्पादन इकाई की स्थापना करने वाले किसान उत्पादन संगठन को दी जाएगी। यूनिट की स्थापना में 30 लाख रुपए से अधिक की राशि का खर्च आएगा। सब्सिडी राशि के अलावा शेष राशि का खर्च किसान उत्पादन संगठन को वहन करना पड़ेगा। इकाई की स्थापना निजी जमीन के अलावा सरकारी जमीन में भी की जा सकती है किंतु उसके लिए किसान उत्पादन संगठन को आबंटन की प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### तिल और सरसों का सर्वाधिक उत्पादन

पाली और पोड़ी ब्लाक के अंतर्गत तिल और सरसों की फसल का उत्पादन सर्वाधिक होता है इसके अलावा तिलहन के अंतर्गत आने वाली अन्य फसलें भी ली जाती हैं जिनसे तेल निकाला जाता है। इनसे भी तेल उत्पादन करने की प्रक्रिया इकाई में की जाएगी। इस वर्ष से सरकार ने समर्थन मूल्य में तिलहन फसल की खरीदी की घोषणा की है उसके अंतर्गत जटगा और कोरबी सहकारी समिति में इसकी खरीदी की जाएगी।

# स्पा सेंटर से वसूली का आरोप एडीशनल एसपी जायसवाल निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गृहमंत्री विजय शर्मा के आदेश के बाद स्पा सेंटर संचालक से महीना वसूली करने के आरोप व सोशल मीडिया में वीडियो वायरल के बाद तत्कालीन एडीशनल एसपी राजेन्द्र



जायसवाल को निलंबित कर दिया गया है, वर्तमान में वे जीपीएम जिले में पदस्थ थे।

रिंग रोड टू निवासी लोकेश सेन पिता रामकुमार सेन 36 साल ने आईजी से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वे महाराणाप्रताप चौक में एक्वा वेलनेस प्राइवेट स्पा का संचालन करते हैं। उनकी दूसरी ब्रांच मंगला चौक स्थित 36 सिटी मॉल की दूसरी मंजिल पर है। स्पा केंद्र में 14 कर्मचारी काम करते हैं और सभी नियमों के तहत स्पा का संचालन कर रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस को रकम देनी पड़ती है। वे नियमों के तहत काम करते हैं और सारे ग्राहकों की डिटेल भी रखते हैं। उनके व्यावसाय को बदनाम और नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। जांच करवा कर उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी।

### वीडियो में एएसपी कह रहे थे सिस्टम से चलना होगा

सोशल मीडिया में स्पा सेंटर संचालक व पूर्व बिलासपुर एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल के बीच बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एएसपी जायसवाल पूछ रहे हैं कि तुम्हे काम नहीं करना है क्या? स्पा सेंटर संचालक कहता है काम तो कर ही रहे हैं सर। एएसपी कहते हैं कि जिसके माध्यम से तुम आए हो, इसलिए मै कुछ नहीं कहता, पर जो कमिटमेंट है वह हो जानी चाहिए। नहीं तो टीम भेजूंगा फिर रेड मारने, मुझे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, पर तुम्हे बहुत फर्क पड़ जाएगा, देखता हूं फिर कितने ग्राहक आते हैं। सुधर ही जाओगे तुम लोग। इसी समय केबिन में मौजूद एक अन्य व्यक्ति कहता है कि जो सिस्टम है उसे फालो करो। स्पा संचालक कहता है कि सर हम 8 साल से काम कर रहे हैं, कोई गलत काम नहीं करते हैं। सभी साफ सुथरा काम करते हैं और सिस्टम में रहकर थाने में भी पहुंचाते हैं और यहां भी पहुंचाते हैं। यह सुनते ही एएसपी जायसवाल भड़क जाते हैं और कहते हैं कि तुम तमीज से बात करो, तुम्हारी औकात नहीं है मेरे सामने बैठने की, मेरे केबिन में घूसने की। जिसके साथ तुम आए हो उसकी वजह से तुम मेरे केबिन में घुस पाए हो वरना तुम्हें भगा देता। केबिन में मौजूद दूसरा व्यक्ति कहता है कि जहां तुम बैठे हो वहां से शहर चलता है और उनके सोल्डर पर अशोक स्तंभ है, तुम कोई टीआई या आरक्षक से बात नहीं कर रहे हो, जो सिस्टम है उसे सिस्टम से फालो करो। यह वीडियो 12 दिसंबर 2025 को एडीशनल एसपी सिटी जायसवाल के चेंबर का है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में 13 रेत घाट हो रही संचालित शहर के दो घाट से जल्द निकलने लगेगी रेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में रेत खदान की किल्लत न हो इसके लिए खनिज विभाग के टीम

**खास बात**

- एक सप्ताह के भीतर शहर के दोनों घाट हो जाएंगे चालू, खनिज विभाग जुटा तैयारी में

लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में रेत खदान खोलने का प्रयास कर रही है। अब तक जिले में कुल 13 रेट घाट संचालित हो रहे हैं लेकिन शहर के दो रेत घाट तकनीकी कारणों की वजह से अब तक चालू नहीं हो पाया है। खनिज विभाग की माने तो एक सप्ताह के भीतर दो रेत घाट चालू हो जाएंगे। इसके बाद निश्चिततौर पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बसने वाले लोगों को रेत आसानी से मुहैया हो सकेगी।

उल्लेखनीय है कि बारिश के बाद सरकारी कामकाज के अलावा निजी निर्माण काम ने तेजी पकड़ लिया है। बारिश के बाद शहर व ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक रेत घाट संचालित ⏭ शेष पेज 3 पर



फाइल फोटो

### ये है रेत घाट

खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में मौजूदा स्थिति में कुल 13 रेत घाट संचालित हो रहे हैं उनमें प्रमुख रूप से चुहिया, घमोटा, दुल्लापुर, धवईंपुर, तरदा, जोगीपाली, सिर्री, भैंसामुड़ा, गितारी, कुदमुरा, बैरा, चिचोली, कछार, कटबितला शामिल हैं।

# कुसमुंडा खदान के कोल सैंपलिंग में कार्यरत ठेका श्रमिक की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान के साइलो में कोल सैंपलिंग के कार्य में

**खास बातें**

- रवि इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड में कार्य पर नियोजित था ठेका कर्मी
- कंपनी ने आश्रितों को नौकरी व पॉलिसी के तहत मुआवजा राशि भुगतान का दिया आश्वासन

नियोजित ठेका कर्मी कार्य के दौरान ठेका कर्मी गश खाकर नीचे गिर गया। जिसके बाद साथी कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए विकास नगर स्थित विभागीय अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर किया गया। परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



अस्पताल में जुटी ठेका श्रमिकों की भीड़।

एसईसीएल कुसमुंडा खदान के साइलो में कार्यरत रवि इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड नामक कंपनी में कांशीदास महंत उम्र 35 वर्ष पिता मनहरण दास निवासी ग्राम नरईबोध सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत था। रोजाना की तरह कांशीदास बुधवार की रात्रि 10 बजे ड्यूटी पर पहुंचा था। कार्य के दौरान अलसुबह 6.30 बजे कांशीदास अचानक गश खाकर नीचे गिर गया। कांशीदास को नीचे गिरते देख साथी कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसे उपचार के लिए विकास नगर स्थित विभागीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल रेफर किया गया। हालांकि अस्पताल पहुंचते तक कांशीदास की मौत हो चुकी थी। कांशीदास मूलतः जांजगीर चांपा जिले का रहने वाला है और शादी के बाद अपने ससुराल नरईबोध में रहकर काम कर रहा था। कांशीदास कुसमुंडा साइलो में कोल सैंपलिंग का कार्य देख रहा था। इसी दौरान गैस की चपेट में आने की वजह से वह गिर गया। रवि प्रायवेट इंजीनियरिंग के द्वारा मृतक कांशीराम के परिजनों को 50 हजार रुपए तत्कालीक सहायता राशि आश्रितों को कंपनी में रोजगार व नियमानुसार पॉलिशी के तहत मिलने वाली ⏭ शेष पेज 3 पर

### मामला कोरकोमा ग्राम पंचायत के प्राइमरी और मिडिल स्कूल का

# जंगल से लगा है स्कूल भवन, बाउंड्रीवाल नहीं होने से मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोरकोमा के कन्या प्राथमिक शाला का भवन जंगल से लगे होने के बाद भी सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल नहीं होने से जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। वहीं गांव के आवारा तत्व भी स्कूल चलने के दौरान परिसर के आसपास नजर आते रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरकोमा में भी बाउंड्रीवाल की दरकार बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों के द्वारा पत्र भी लिखा गया है।



बाउंड्रीवाल विहिन कन्या शाला कोरकोमा।

ग्रामीण अंचलों में स्कूल भवन में अहाता निर्माण को लेकर विभाग स्तर पर कई स्थानों में कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसके बावजूद कुछ ऐसे स्थान भी हैं जहां के स्कूलों में बाउंड्रीवाल की दरकार बनी हुई है। ग्राम पंचायत कोरकोमा में दो ऐसे स्कूल हैं जहां पिछले लंबे समय से बाउंड्रीवाल की दरकार देखी जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने इन दोनों स्कूलों में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए विभाग को पत्र प्रेषित किया है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कन्या प्राथमिक शाला है। जो जंगल से लगा हुआ है। जिसके कारण आवारा मवेशियों के साथ जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। कई बार स्कूल संचालन के समय भी गांव के आवारा तत्व कन्या प्राथमिक शाला के आसपास मंडराते रहते हैं। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी बाउंड्रीवाल की दरकार बनी है। रात के समय इन दोनों स्कूल परिसर में शराबियों का जमावड़ा हो जाता है। खेलने के लिए बच्चों को सही जगह भी नहीं मिल पाती।

### शौचालय भी बदहाल

दोनों स्कूल के छात्रों के लिए शौचालय का निर्माण किया गया था। वह भी जर्जर हो चुका है। स्थिति यह है कि रखरखाव के अभाव में दोनों शौचालय खंडहर बन चुके हैं। रखरखाव के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कोई कार्यवाही नहीं हुई है। परिणाम स्वरुप स्कूलों के लिए चलने वाला स्वच्छ भारत मिशन का काम कागजों तक ही सीमित रह गया है।

# राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में कनक वैष्णवी ने जीते पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली के ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल गेवरा की छात्राओं, कनक चतुर्वेदी और वैष्णवी कश्यप ने पदक जीतकर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु वर्ग के अंतर्गत 63 किलोग्राम वजन समूह में कनक चतुर्वेदी ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए तृतीय स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया। इस तीन दिवसीय आयोजन में देशभर के विभिन्न डीएवी स्कूलों से लगभग 15 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 14, 17 और 19 वर्ष के अलग-अलग आयु वर्गों में आयोजित इस स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद गेवरा की इन बेटियों ने सफलता के झंडे गाड़े।

## खबर संक्षेप

### तीन हिस्ट्रीशीटर से लाखों का मोबाइल जब्त

**बिलासपुर।** एसईसीआर की आरपीएफ टीम ने तीन हिस्ट्रीशीटर आरोपियों को पकड़कर लाखों मोबाइल जब्त किया है। मंडल स्तर पर गठित विशेष टास्क टीम द्वारा लगातार निगरानी, गश्त तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। दादर से गोंदिया तक सफर कर रहे एक यात्री का आईफोन चोरी हो गया, जिसकी सूचना पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया गया था। इसकी जानकारी मिलते ही स्टेशन पर लगे सीसी टीवी कैमरे के फुटेज भी चेक किए गए। इसमें तीन संदिग्ध मनीष कुमार 22 वर्ष, अरियन नोनिया 19 वर्ष एवं देवराज चौधरी 18 वर्ष के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी देवराज चौधरी के पास से तीन चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने यात्रा के दौरान स्टेशन प्लेटफॉर्म पर भीड़ का फायदा उठाकर आईफोन की चोरी की थी। बरामद मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 1,10,000 रुपये है। पकड़े गए तीनों आरोपी आदतन चोर हिस्ट्रीशीटर हैं तथा इनके विरुद्ध पूर्व में स्थानीय पुलिस, शासकीय रेल पुलिस गोंदिया एवं जीआरपी नागपुर में मोबाइल चोरी से संबंधित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों को बरामद चोरी की संपत्ति सहित आगे की वैधानिक कार्रवाई हेतु शासकीय रेल पुलिस के सुपुर्द किया गया।

### होटल की आड़ में गांजा बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होटल की आड़ में गांजा बेचने वाले युवक को पकड़कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई भावेश शेंडे को सूचना मिली पौंसरा बाजारपारा निवासी रोशन उर्फ छोटू तिवारी पिता स्व. राजकुमार तिवारी 38 साल होटल की आड़ में पुड़िया बनाकर गांजा बेच रहा है। उन्होंने होटल में दबिश देकर उसे पकड़कर 2 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### जुआ खेलते पकड़े गए 3 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली मोपका कुटीपारा में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते हुए जुआ खेलते आयुष घोरे पिता रामसनेही टिकरापारा मन्नू चौक, शुभम गोदरे पिता रामप्रसाद देवरीखुर्द गदा चौक, मोहम्मद अकील पिता मोहम्मद रफीक देवरीखुर्द बुटापारा को पकड़ लिया। वहीं अन्य जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जुआरियों के पास से 5 हजार 600 रुपए जब्त किया गया है।

### झपट्टा मारकर ग्रामीण से मोबाइल की लूट

**बिलासपुर।** झपट्टा ग्रामीण से मोबाइल लूटकर मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम करमा निवासी लोकेश कश्यप 19 जनवरी को लोरमी से दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से लौट रहे थे। रात 9 बजे पांडेयपुर भिल्मी के बीच साला का फोन आने पर बात कर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चार लोग पैदल आए और झपट्टा मारकर उनसे मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर उनके साथ जमकर मारपीट किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### इतवारी-शालीमार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ सफर सुविधा उपलब्ध कराने हेतु नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार और शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी के मध्य 3-3 फेरों के लिये स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी–शालीमार स्पेशल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी से 26 जनवरी तथा 2 व 9 फरवरी को प्रत्येक सोमवार को तथा गाड़ी संख्या 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन शालीमार से 27 जनवरी तथा 3 व 10 फरवरी प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। ट्रेन का वाणिज्यिक ठहराव दोनों दिशाओं में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। 08871 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-शालीमार स्पेशल ट्रेन सोमवार को 17.10 बजे होकर गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगाँव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, दूसरे दिन मंगलवार को बिलासपुर देर रात 00.35 बजे पहुंचकर 00.45 बजे रवाना होकर, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राऊरकेला, चक्रधरपुर, टाटानगर, खड़गपुर, सांतरागाछी, शालीमार स्टेशन पहुंचेगी। वहीं 08872 शालीमार-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्पेशल ट्रेन मंगलवार को 18.00 बजे रवाना होकर बिलासपुर 7.25 बजे होकर 15.35 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 4 सामान्य, 11 स्लीपर, 02 एसी-थ्री तथा एक एसी-टू कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## प्रभावित ग्राम भिलाईखुर्द में आयोजित जनसभा में शामिल हुए पूर्व मंत्री

# विकास के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की नहीं दी जाएगी इजाजत : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


सभा को संबोधित करते पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

विकास के नाम पर गरीबों को उजाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पुनर्वास कोई एहसान नहीं, यह प्रभावितों का अधिकार है। यदि एसईसीएल ने अन्याय बंद नहीं किया, तो यह लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ी जाएगी। पुराने सर्वे के आधार पर फैसला लेना पूरी तरह असंवैधानिक और अमानवीय है तथा हर उस परिवार को पुनर्वास और मुआवजा मिलना चाहिए, जो वर्तमान में वास्तविक रूप से प्रभावित है। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे हर हाल में, हर मंच पर, हर संघर्ष में उनके साथ खड़े रहेंगे और किसी भी कीमत पर उनके अधिकारों से समझौता नहीं होने देंगे।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने एसईसीएल मानिकपुर खदान से प्रभावित ग्राम भिलाईखुर्द क्रमांक 1 से प्रभावित भूविस्थापितों की आयोजित जनसभा के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि मानिकपुर माइंस विस्तार परियोजना के नाम पर एसईसीएल प्रबंधन द्वारा पुनर्वास एवं मुआवजा नीति की खुली अवहेलना अब सामने आ चुकी है। भिलाईखुर्द क्रमांक-1 के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ हो रहे इस अन्याय के खिलाफ दो दिन पूर्व ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल से मिलकर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था। जिसमें ग्रमीणों ने आरोप लगाया कि एसईसीएल प्रबंधन जानबूझकर वर्ष 2023 के पुराने सर्वे को आधार बनाकर मकानों और परिवारों की गणना कर रहा है, जबकि 2023 के बाद बड़ी संख्या में मकानों का वैध निर्माण, विस्तार एवं नवीनीकरण पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुसार किया गया है। पुराने सर्वे के आधार पर आंकलन कर सैकड़ों वास्तविक पात्र परिवारों को मुआवजा और पुनर्वास से वंचित करने की साजिश की जा रही है। जिसके बाद पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कोयला मंत्री को पत्र लिखकर एसईसीएल की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और मांग की कि पुनर्वास नीति को बिना भेदभाव, बिना दबाव और वर्तमान जमीनी स्थिति के अनुसार लागू किया जाए। इसके बाद श्री अग्रवाल भिलाईखुर्द गांव पहुंचे, जहां सैंकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में जनसभा हुई। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि एसईसीएल की मनमानी नहीं रुकी, तो उन्हें अपने हक के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि यदि जयसिंह अग्रवाल उनके साथ हैं, तो उन्हें अन्याय से लड़ने का डर नहीं है।

# सांसद ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक

**खास बातें**

- सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं यातायात सुगम बनाने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश
- आवश्यक स्थानों पर संकेतक और साइन बोर्ड लगाने हेतु किया निर्देशित

में सांसद ने जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्रीमती प्रेमलता यादव, जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग और जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा सहित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सांसद श्रीमती महंत ने सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुर्घटनाओं को रोकने प्रभावी कदम उठाएं जाएं। इस हेतु आवश्यक स्थानों में गति अवरोधक, रेडियम पट्टी, संकेतक, साइन बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने ओवर स्पीडिंग, बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर सख्त चालानी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। सांसद ने स्कूल-कॉलेजों में शिविर आयोजित कर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, सड़क सुरक्षा से संबंधित किए गए प्रयास व सड़क सुरक्षा जागरूकता के संबंध में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जिले में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में पहल करते हुए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने दुर्घटना जन्य क्षेत्रों पर ब्रेकर्स, स्पष्ट साइनेज, रेडियम पट्टियाँ, तथा पेड़ों और झाड़ियों की छटाई कर दृष्टि बाधाओं को प्राथमिकता से दूर करने निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि विभाग द्वारा जिले में ओवर स्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने और मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है।


सांसद।

उन्होंने बताया कि अब तक कई लापरवाह चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जा चुके हैं। साथ ही सैकड़ो प्रकरणों में चलानी कार्यवाही भी की गई है। जिससे गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में कमी आई है। उन्होंने बताया कि जिले में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित कर ट्रक, बस जैसे भारी वाहन चालकों सहित हल्की वाहन चालकों एवं आमजनों का दृष्टि परीक्षण कराया जाएगा। जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# कलश यात्रा के साथ सार्वजनिक श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

श्री दुलेश्वर महादेव मंदिर बोकरामुड़ा कोरबी में कलश यात्रा के साथ सार्वजनिक श्री अखंड नवधा रामायण का शुभारम्भ हुआ। यह आयोजन 20 जनवरी से आरंभ होकर 29 जनवरी को हवन सहस्त्र धारा, प्रसाद वितरण पश्चात विश्राम होगा। सर्व प्रथम कर्मा नृत्य के साथ कलश यात्रा ग्राम में भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंची। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना पश्चात रामायण गायन का शुरुआत हुआ। कार्यक्रम में सर्व श्री आचार्य रामावतार वैष्णव, दुलीचंद राठौर, रामेश्वरी देवी राठौर, अजय राठौर, विजय राठौर, देवचरण राठौर, बिरजू राठौर, कार्तिक राम राठौर, देवी राठौर, नीलमणि राठौर, पुष्पेंद्र राठौर लखन लाल राठौर, कृष्ण कुमार पटेल, फेकू राम यादव, अशोक कुमार यादव, विपिन राठौर, बाउला दास, बीर सिंह, विष्णु सिंह, धरम लाल राठौर, जगेश्वर साहू, रामायण राठौर, सम्मे सिंह, दोशरण सिंह, देवेंद्र राठौर, तुला राम, दिलीप राठौर, गणपति यादव, प्रदीप राठौर, गुलाब राठौर, मिथुन केवट, अमरीका पटेल, लखपती यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# डडसेना कलार समाज का परिचय वार्षिक सम्मेलन संपन्न


सामाजिक सम्मेलन में उपस्थित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अशोक नगर चाटीडीह में डडसेना कलार विकास समिति द्वारा युवक युवती एवं वार्षिक सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मा. सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा एवं अध्यक्षता अशोक जायसवाल अध्यक्ष डडसेना कलार समिति समाज बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज राय प्रदेश अध्यक्ष रहे। कलचुरी समाज, दिनेश जायसवाल सचिव डडसेना कलार समिति, राम गोपाल डिक्सेना अध्यक्ष कलचुरी जायसवाल समवर्गी महासभा, बृजमोहन डिक्सेना अध्यक्ष क्षेत्रीय डडसेना कलार समाज पाली कटघोरा, देवनारायण अध्यक्ष डडसेना कलार समाज सोथी, प्यारेलाल जायसवाल अध्यक्ष डडसेना कलार समाज विजयपुर, श्रीमती कमला पटेल वार्ड क्रमांक 58 बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल समाज में दूरियां बढ़ती जा रही है परंतु सामाजिक सम्मेलन में एक दूसरे से करीब आते जा रहे हैं। इस दौरान डांस, रंगोली, चित्रकला, कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तिथि पुरस्कार से नवाजा गया। गीत में अनुष्का जायसवाल, काव्य जायसवाल, श्रेया जयसवाल रंगोली में निधि जायसवाल, डाली जायसवाल, मानसी जायसवाल एवं चित्रकला में प्रांजल जायसवाल, लिया एवं मनीष जायसवाल, डांस में शिवानी जायसवाल, निधि जायसवाल, अनुष्का जायसवाल प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान रहे। कार्यक्रम में संचालन राजकुमार जायसवाल, मायाराम जयसवाल एवं आभार अशोक जायसवाल ने किया।

# धान खरीदी केंद्र कोरबी पहुंचे पूर्व विधायक कंवर, किसानों की जानी समस्या


धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते पूर्व विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर बुधवार को धान खरीदी केंद्र कोरबी पहुंचे जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात किया, किसानों ने पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर को बताया कि हमारे द्वारा धान बिक्री करने के लिए धान मंडी लाया जा रहा है किंतु यहां तहसीलदार एसडीएम आदि के द्वारा निरीक्षण कर हमारे कई अच्छे धान को अमानत करके रिजेक्ट किया जा रहा है जिससे हम लोग काफी परेशान है किसानों का यह भी कहना था कि कई किसान ऐसे हैं जिनका अभी भी टोकन नहीं कट पाया है टोकन की स्थिति अब ऐसी हो गई है कि ना ऑनलाइन और ना हीं ऑफलाइन दोनों में टोकन नहीं काटा जा रहा है किसान अभी भी अपना पूरा धान बिक्री नहीं कर पाए हैं। श्री कंवर ने कहा कि हम अपने तरफ से जो भी कोशिश हो सके वह करेंगे और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी करेंगे। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने वहां उपस्थित नायब तहसीलदार हरदीबाजार से बातचीत किया। इस दौरान चंद्रहास राठौर, रमेश अहीर, सैयद कलाम, शिवरतन राठौर, जगत साहू के अलावा अधिक संख्या में लोग, किसान व धान मंडी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर करोड़ों की ठगी फरार आरोपी गिरफ्तार



बिलासपुर। आरक्षक की नौकरी लगाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर 25 बेरोजगारों से करोड़ों रुपए की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने बाराद्वार से गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2025 में नंदकुमार शांडिल्य सहित 25 बेरोजगारों ने सिविल लाइन में शिकायत की थी। बाराद्वार आमापाली निवासी ईश्वर चौहान पिता स्व. निरल सिंह चौहान एवं सहयोगियों ने आरक्षक की नौकी लगाने का झांसा देकर उनसे 5 लाख 50 हजार रुपए लेकर फर्जी नियुक्त पत्र थमा दिया गया था।

इसी तरह से अन्य बेरोजगारों से भी 5 से 7 लाख रुपए लेकर करोड़ों रुपए की ठगी कर लिया गया था। घटना के बाद आरोपी ईश्वर चौहान फरार चल रहा था। 20 जनवरी 2026 को एसआई विष्णु यादव, एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने बाराद्वार आमापाली स्थित मकान में दबिश देकर आरोपी ईश्वर चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले आरोपी कपिलेश्वर गोस्वामी, गुरूशंकर गोस्वामी, राजेन्द्र पलागें, पुरूषोत्म तिवारी, संजय दास मानिकपुरी को गिरफ्तार किया गया था।

# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चोरी की वारदात



सीसीटीवी मे कैद चोरों की तस्वीर।

# फूल व्यापारी नहीं जाएंगे व्यापार विहार किया विरोध, गोंड़पारा में जगह की मांग

- 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी
- शहर के बीच गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर देने की मांग, बार- बार हटाना सही नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के ईदगाह चौक पर पिछले 25 सालों से चल रहे फूल बाजार को व्यापार विहार में शिफ्ट किया जा रहा है। पांच साल पहले जहां पौनी पसारी योजना के तहत 26 लाख में सब्जी बाजार स्थापित किया गया था, वह वीरान हो गया है। फूल बाजार यहीं लगाया जाएगा।

निगम इसके लिए शेड, पार्किंग और दूसरी व्यवस्था कर रहा है। इधर व्यापारियों का कहना है कि यहां की 31 दुकानें और 400 से अधिक कारीगरों की आजीविका फूलों के इस व्यवसाय से जुड़ी है। यदि सुविधाओं के साथ नया बाजार मिलता है, तो वे शिफ्ट होने के लिए तैयार हैं। व्यापारियों के मुताबिक कोई भी जगह जो कि शहर के बीच में हो वहां गुमटी बनाकर स्थायी तौर पर दे दी जाए तो वे लोग जाने को तैयार हैं। इस तरह से बार- बार हटाना सही नहीं है। व्यापारियों ने गोंड़पारा में आर्य समाज भवन के सामने जगह की मांग की है।

ध्यान रहे कि शहर में फूलों का व्यवसाय शहर में तेजी बढ़ा है। खास तौर पर जेल चौक की 30 से अधिक दुकानों में सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक रौनकता रहती है। ग्राहकों को उनके मनपसंद फूलों के साथ- साथ बेलपान, दुबी के धतुरा व बेल फल भी उपलब्ध हो जाते हैं। इतना ही नहीं मोंगरा, मदार से गेंदे के फूल का हार भी मिल जाता है। यहां के लेकिन छोटे व्यापारियों को लेकिन फिर से दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा रहा है।

### निगम स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा

गौरतलब है कि जेल चौक में फुल बाजार 2001 से लगना शुरू हुआ है। इससे पहले गोलबाजार चौक में यह बाजार लगता था। बढ़ते भीड़ को देखते हुए निगम ने बाद में इसे मिशन अस्पताल के पीछे जेल चौक वाले रास्ते में शिफ्ट करने का फैसला लिया था। तब से लेकर इस जगह पर 31 व्यापारी लगातार अपनी दुकानें लगाते हैं। यहां कारोबार करने वाले राशि माली, विजय साहू और रतन कश्यप ने बताया कि निगम कोई भी स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। जेल चौक में दुकानें स्थापित हो गईं हैं और शहर ही नहीं आसपास के लोग यहां फुल, माला लेने पहुंचते है।

### 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक जुड़े हैं

व्यापारियों का कहना है कि यह मार्केट 25 साल पुराना है और यहां फूलों की 31 दुकानें हैं। इस जगह से हमें काफी ज्यादा लगाव हो गया है, क्योंकि वर्षों से हमारे ग्राहक इन्हीं स्थानों पर आकर खुशी-खुशी फूल खरीदकर ले जाते हैं। इसलिए इस जगह से दूर नहीं होना चाहते हैं, लेकिन प्रशासन का सहयोग करना भी जरूरी है। व्यापारियों ने निगम से व्यवस्थित दुकानें, पार्किंग और सामुदायिक शौचालय जैसी सुविधाओं की मांग की है। उनका कहना है कि पार्किंग की कमी के कारण जाम की समस्या होती है। दूल्हा गाड़ी और ग्राहकों की गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। फूल बाजार में काम करने वाले 400 से अधिक कारीगर और श्रमिक अपनी आजीविका इसी व्यवसाय से चलाते हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि नया बाजार सुविधाजनक और व्यवस्थित होगा, तो वे निगम द्वारा तय शुल्क देने के लिए भी तैयार हैं।

### जीवित जीजा को मृत बताकर भांजों की जमीन बेच दी, एक आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** जीवित जीजा को मृत बताकर नाबालिग भांजों के हिस्से की जमीन को बेचने वाले मामाओं के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं अन्य आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, रायगढ़ हालाहुली निवासी मनीष कुमार शुक्ला 44 साल ने रिपोर्ट लिखाई। उनके तीन नाबालिग बच्चे शौर्य शुक्ला 9 साल, परिनिधी शुक्ला 15 साल, प्रतिभा 17 साल के नाम पर सकरी में खसरा नम्ब्र 258 रकबा 0.1500 हेक्टेयर जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त जमीन बच्चों को उनकी मां अनित शुक्ला की मृत्यु 4 अप्रैल 2018 को जाने के बाद नाना पक्ष से उत्तराधिकारी में मिला था। अप्रैल 2025 में उन्हें जानकारी मिली कि उक्त भूमि किसी अन्य को बेच दी गई है। उन्होंने राजस्व अभिलेखों की जांच कराई और उप पंजीयक कार्यालय से विक्रय पत्र की सत्यप्रति लिए तो खुलासा हुआ। दस्तावेजों में पीड़ित मनीष कुमार शुक्ला को मृत दर्शाते हुए उनके साला अखिलेश पाण्डेय ने स्वयं को उनके नाबालिग बच्चों का संरक्षक बताकर 9 अक्टूबर 2023 को दूसरे को बेच दिया है। अखिलेश पाण्डेय, अनुराग पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय एवं अन्य साथियों ने आपराधिक षड़यंत्र के तहत झूठा शपथपत्र प्रस्तुत कर उनकी जमीन को बेचकर उसके प्राप्त रकम को आपस में बांट लिया है।

# गश्त पाइंट महाराणा प्रताप चौक व अग्रसेन चौक की दो दुकानों में शटर उठाकर चोरी, गश्त की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- एक घण्टे के अंदर हुई दोनों चोरी की वारदात

बीती रात एक घण्टे के अंतराल में पुलिस गश्त पाइंट महाराणाप्रताप चौक व अग्रसेन चौक के आगे दो दुकानों में चार चोरों ने शटर उठाकर गल्ला तोड़कर नकद पार कर दिया। दोनों दुकानों में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

महाराणाप्रताप चौक स्थित नरेन्द्र इलेक्ट्रिकल के संचालक सुरेन्द्र चित्रकार ने बताया, 20 जनवरी की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 21 जनवरी की सुबह दुकान आए तो शटर उठा हुआ मिला। शटर खोलकर अंदर गए तो गल्ला टूटा हुआ था। उसमें रखे 20 हजार रुपए की चोरी हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि 3.45 बजे चार युवक आए और शटर उठाकर एक युवक अंदर घूसा, वह चोरी करते नजर आ रहा है।



### दो दुकानों में चोरी हुई है

महाराणाप्रताप चौक व अग्रसेन चौक के आगे दो दुकानों का शटर उठाकर नकद रकम रकम चोरी की गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पतासाजी की जा रही है।

-एसआर साहू
सिविल लाइन टीआई

## खबर संक्षेप

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे जिले में ध्वजारोहण



**कोरबा।** जिले में गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरु हो गई हैं। सीएसईबी फुटबाल ग्राउंड में गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर सशस्त्र बल एनसीसी कैडेट्स के द्वारा मार्चपास्ट किया जाएगा। साथ ही औद्योगिक उपक्रमों और जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित झांकिया प्रस्तुत की जाएगी।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा-26 का आयोजन राज्य के 20 जिलों में दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु तथा द्वितीय पाली में माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9.30 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षा केन्द्र में प्रवेश प्रातः 9 बजे के बाद वर्जित रहेगा। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से 5.45 बजे तक होगी, जिसमें अभ्यर्थियों को दोपहर 2.30 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड द्वारा जैमर लगाए जाएंगे।

### राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ गठित, मुकुंद बने अध्यक्ष



**कोरबा।** प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचार करने वाले राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के द्वारा संघ का गठन किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक कल्याण संघ के नाम से गठित इस संघ के कोरबा जिले के अध्यक्ष मुकुंद केशव उपाध्याय को बनाया गया है। यह नियुक्ति दो वर्ष के लिए की गई है। भविष्य में तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी। गठन के बाद जिला अध्यक्ष अपने कार्यक्षेत्र के अंतर्गत संघ की सभी गतिविधियों का संचालन करेंगे और उसके प्रति उत्तरदायी रहेंगे व जिले की कार्यकारिणी का गठन नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के द्वारा किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष विष्णु शर्मा के द्वारा मुकुंद केशव उपाध्याय को यह जिम्मेदारी दी गई है।

### महिला बुनकर सहकारी समीतियो के नेतृत्व, क्षमता विकास पर सहकारी प्रशिक्षण



**हरदीबाजार।** मां नीरा हाथकरघा बुनकर बांकीमोंगरा के कार्यालय में बुनकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु बुनकर सहकारी समिति के नेतृत्व विकास/ क्षमता विकास पर एक दिवसीय सहकारी प्रशिक्षण दिया गया, राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वालंबन बनाने हेतु बुनकरी कार्य से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं रोजगार से जुड़ सके एवं राज्य सरकार के द्वारा बुनकर की योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे बुनकर आवास, मेधावी छात्र/छात्राओं को छात्रावृत्ति एवं उन्हें आसानी से बैंक से लोन मिल सके इस हेतु उद्यम,जेड कार्ड, बुनकर कार्ड प्रदान जिया जा रहा है । इस गरिमामय आयोजन में भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि डॉ.विजय कुमार राठौर जिला अध्यक्ष ओ.बी.सी मोर्चा, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन जिला संयोजक बुनकर प्रकोष्ठ सहकारी सोसायटी अध्यक्ष बांकी मोगरा ईश्वर बघेल मण्डल मंत्री सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर से पहुंचे पी.एल. सोनी, राजेश साहू, एस. के. पटेल, राजकुमारी चौहान, एवं ग्रामीण

# नगर निगम के रीसायकल सेंटर बने महिलाओं की आत्मनिर्भरता का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों से निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक निपटान और रीसायकल की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में नगर निगम ने शहर को 6 जोन में विभाजित कर सॉलिड लिक्विड रीसायकल मैनेजमेंट सेंटर स्थापित किए हैं, जहां कचरे का वर्गीकरण और पुनः उपयोग कर उसे संसाधन में बदला जा रहा है। इस व्यवस्था से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि इन केंद्रों में कार्यरत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर भी मिल रहा है।

नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में कार्यरत महिलाओं की टीम को इन सॉलिड लिक्विड रीसायकल मैनेजमेंट सेंटर्स में काम करने का अवसर दिया गया है। ये महिलाएं घरों और बाजारों से एकत्रित कचरे में से उपयोगी और अनुपयोगी सामग्री की छंटाई करती हैं, ताकि प्लास्टिक, कागज, धातु सहित अन्य वस्तुओं का पुनः उपयोग किया जा सके। इस प्रक्रिया से जहां कचरे की मात्रा में कमी आ रही है, वहीं महिलाओं के लिए आय का स्थायी स्त्रोत भी तैयार हो रहा है। इन केंद्रों में अनुपयोगी सब्जियों और फूलों से जैविक खाद तैयार की जा रही है, जिसकी बिक्री नगर निगम स्तर पर की जा रही है। जैविक खाद की बिक्री से प्राप्त आय भी इन महिलाओं की आमदनी में इजाफा कर रही है। इसके साथ ही महिलाओं द्वारा तैयार किए गए कुछ उत्पादों की मांग विशेष अवसरों पर अच्छी रही है, जिन्हें नगर निगम द्वारा एक ब्रांड के रूप में भी प्रस्तुत किया गया है। नगर निगम स्तर पर इन रीसायकल सेंटर्स में अपनी भूमिका तय कर महिलाओं ने अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बेहतर करने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। स्वच्छता के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली यह पहल शहर के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बन रही है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण दोनों ही उद्देश्य एक साथ पूरे हो रहे हैं।

### 6 जोन में रीसायकल मैनेंजमेंट सेंटर किए गए स्थापित

**खास बातें**

- महिलाएं हो रही हैं आर्थिक रुप से सशक्त
- महिलाओं को दिया जा रहा है रीसायकल मैनेजमेंट का प्रशिक्षण



## पत्रकार संघ के सामुदायिक भवन का किया गया लोकार्पण

# पत्रकार समाज का आईना, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

पत्रकार समाज का आईना होते हैं और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकारों के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण संवाद, विचार-विमर्श और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती प्रदान करेगा। सरकार पत्रकारों के हितों के प्रति सदैव संवेदनशील रही है और आगे भी आवश्यक सहयोग दिया जाता रहेगा।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने नव-निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह के दौरान कही। पत्रकारों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए पत्रकार संघ के नव-निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल ने की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल तिवारी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष बजरंग पटेल, धन्नू प्रसाद दुबे, पार्षद पवन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि यह भवन पत्रकारों की एकजुटता और सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता के माध्यम से समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। इस भवन के माध्यम से पत्रकारों को एक स्थायी मंच मिलेगा, जहाँ वे सामाजिक सरोकारों पर मंथन कर सकेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि पत्रकारों का योगदान समाज और राष्ट्र निर्माण में अतुलनीय है। उन्होंने पत्रकार संघ को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह भवन रचनात्मक गतिविधियों और सकारात्मक पत्रकारिता का केंद्र बनेगा। ततपश्चात पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारियों के द्वारा मंचस्थ सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया इस अवसर पर नरेंद्र पाटनवार, मन्नू राठौर, पार्षद संजय अग्रवाल, अधिवक्ता राकेश पाण्डेय, महामंत्री समंजित सिंह, पत्रकार गोपाल मित्तल, संदीप चौबे, शिवशंकर जायसवाल, अनुराग दुहलानी, डाकेध्वर शुक्ला, इखलाक शेख, अनुराग तिवारी, राधे लाल राठौर, मनोज दुबे, पार्षद राजूदास दीवान, विधायक प्रतिनिधि अमीत जायसवाल, टीकम पाल, आलोक पाण्डेय, अनिल यादव सहित पत्रकार संघ के अध्यक्ष अजय धनोंदिया, संरक्षक सतीश धनोंदिया, अशोक दुबे, विधिक सलाहकार चंदन बघेल, सचिव रामविलास कुर्रे, कोषाध्यक्ष मनोज नायडू, राकेश गोयल, गोपाल बन गोस्वामी, उपाध्यक्ष हसन अली एव शिव शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सामुदायिक भवन के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित उद्योग मंत्री।

**लाईब्रेरी की मांग**

कार्यक्रम का संचालन कर रहे संघ के अध्यक्ष अजय धनोंदिया ने सभी मंचस्थ अतिथियों से संघ की ओर से मांग रखी गई जिसमें सर्वप्रथम भवन में पानी की समस्या को देखते हुए राज जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका से पानी हेतु बोर की मांग की गई जिस पर अध्यक्ष ने अपने निधि से बोर करवाने की घोषणा की। वहीं विधायक प्रेमचन्द पटेल से भवन में फर्नीचर के लिए 5 लाख रुपये की मांग की गई जिस पर विधायक श्री पटेल ने भी अपने निधि से प्रदान करने की स्वीकृति दी ततपश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री छत्तीसगढ़ शाशन लखनलाल देवांगन से सर्व सुविधा युक्त लायब्रेरी हाल की मांग की जिस पर श्री देवांगन ने इसे जल्द ही पूरा करने का प्रयास करने की बात कही।

# खदान बंदी को लेकर कोयला मंत्री रेड्डी करेंगे जिला कलेक्टर से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय द्वारा खदान बंदी तथा खनन उपरांत भूमि उपयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निरंतर पहल की जा रही है। इन प्रयासों का केंद्र बिंदु सामुदायिक विकास, खनन समाप्त क्षेत्रों का पुनःउपयोग तथा सतत आजीविका को बढ़ावा देना है। खदान बंदी को लेकर कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी खदान प्रभावित जिलों के कलेक्टरों से वीडियो कॉफ्रेसिंग के जरिये बैठक लेंगे।

हाल ही में संशोधित खदान बंदी दिशा-निर्देशों के अंतर्गत एस्क्रो निधि का 25 प्रतिशत सामुदायिक विकास हेतु तथा 10 प्रतिशत जस्ट ट्रांजिसन के लिए अनिवार्य रूप से आवंटित किए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही, प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए खदान बंदी सलाहकार समिति के गठन का भी प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, कोयला मंत्रालय द्वारा सामुदायिक सहभागिता एवं विकास के लिए रिक्लेम फ्रेमवर्क तथा प्रभावी खदान बंदी एवं बंदी उपरांत योजना के लिए लाईवस फ्रेमवर्क जारी किए गए हैं। ये दोनों ढांचे खदानों के पुनःउपयोग हेतु एक संरचित एवं दूरदर्शी मार्गदर्शिका प्रदान करते हैं। इसी क्रम में, कोयला एवं खान मंत्री की अध्यक्षता में जिला कलेक्टर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से 28 जनवरी को अपराह्न 3 बजे किया जाएगा। बैठक में खदान बंदी से संबंधित नीतियों एवं हालिया विकासों पर चर्चा, खदान बंदी सलाहकार समितियों की प्रगति की समीक्षा, परियोजना प्रभावित व्यक्तियों तक लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से पहुंचाने हेतु कार्ययोजनाओं का विकास तथा जमीनी स्तर पर नीति कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाएगा।

**खास बात**

- खदान बंदी तथा खनन उपरांत भूमि उपयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही पहल



जी किशन रेड्डी

# शंकराचार्य व संतों के साथ दुर्व्यव्हार सनातन धर्म का अपमान : चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रयागराज माघ मेला में स्वामी अविमुक्तेश्वारानंद के साथ हुए व्यवहार को लेकर एवं प्रयागराज माघ मेला प्राधिकरण द्वारा नोटिस जारी करने के मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने निंदा की है। श्री राठौर ने प्रेस के माध्यम से कोरबावासियों से प्रयागराज की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी को शाही स्नान करने, गंगा में डुबकी लगाने से रोका गया और उनके एवं उनके साथ चल रहे अन्य साधु संतों के साथ दुर्व्यवहार किया गया जो सनातन धर्म का अपमान है।

ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वारानंद जी को पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा है लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई प्रयास नहीं किया गया है, श्री चौहान ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी पिछले 40 वर्षों से लगातार शाही स्नान करते आ रहे हैं लेकिन इस बार उन्हें शाही स्नान करने से रोक दिया गया जो कि स्वामी का अपमान है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने कहा कि पिछले कई वर्षों से भाजपा सनातन धर्म के नाम पर राजनीति करते आ रही है लेकिन सच बोलने वाले साधु-संतों को अपमानित किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वारानंद जी ने अयोध्या के अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताया था वहीं कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों को लेकर सवाल उठाए थे जिसके लिए उनको अपमानित करने का कोई बहाना ढूँढने लगे हैं। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष पालूराम साहू ने भी अपने विचार रखे।

**खास बात**

- जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष ने जताया विरोध



मनोज चौहान।



मुकेश राठौर।



कृपाराम साहू

## पृष्ठ 1 का शेष

### स्कूलों में छात्राओं...

सरकारी स्कूलों में इस कार्यक्रम को चलाया रहा है इसके लिए विशेष प्रशिक्षक भी रखे गए हैं। समग्र शिक्षा अभियान के तहत मीडिल स्कूल और हाईस्कूल की छात्राओं को कराटे, जूडो, मार्शल आर्ट और मुक्केबाजी का प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके लिए समयावधि भी निर्धारित की गई है। कहीं एक महीने का प्रशिक्षण तो कहीं तीन महीने का प्रशिक्षण शामिल रहता है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में...

हो सके इसके लिए खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 13 रेत घाट मौजूदा स्थिति में संचालित हो रहे हैं। जहां से लगातार रेत की निकासी हो रही है तो वहीं दूसरी ओर शहर के दो रेत घाट चारपारा कोहड़िया और भिलाईखुर्द में अब तक चालू नहीं हो पाया है लेकिन खनिज विभाग की टीम इन दोनों रेत घाटों को खनन चालू करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने बताया कि तकनीकी कारणों की वजह से अब तक नया रेत घाट चालू नहीं हो पाया है लेकिन अब इसे चालू करने का काम अंतिम दौर पर पहुंच चुका है। इस सप्ताह निश्चिततौर पर यह दोनों रेत घाट संचालित होने शुरू हो जाएंगे और रेत उगलने लगेंगे। इसके बाद जिले में कुल 15 रेत घाट संचालित होने लगेंगे और रेत पर्याप्त मात्रा में निकलने लगेगी और लोगों को आसानी से रेत मिल सकेगी।

### कुसमुंडा खदान...

मुआवजा राशि के भुगतान का आश्वासन दिया गया है। मृतक के परिजन व साथी कर्मियों ने चेतावनी दी है कि अगर कंपनी प्रबंधन अगर उनकी मुआवजा संबंधी मांगे पूरी नहीं करता है तो आंदोलन किया जाएगा।

प्रोसेस.क्रं. 16/2026 प्र. क्र. 01/2026
पेशी तारीख -04.02.2026

**आम ईश्तहार/नोटिस**

**न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

विजय बहादुर सिंह ...आवेदक/वादी

बनाम

श्रीमती प्रभा सिंह वगैरह ....अनावेदक/प्रतिवादी

उपरोक्त आवदेक/वादी विजय बहादुर सिंह ने अनावेदक/प्रतिवादी श्रीमती प्रभा सिंह वगैरह के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ वेणी कोरबा जिला-कोरबा आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 04.02.2026 तिथि नियत है। अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 04.02.2026 को दिन 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोट :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 20.01.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(डॉली ध्रुव)**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

ADVANCE NEUROPSYCHIATRY CLINIC
ADVANCE Psychiatric Clinic
"healthy mind healthy life"
अहमदाबाद के प्रख्यात
न्यूरोसाइकेट्री विशेषज्ञ
अब कोरबा में उपलब्ध



DR. RAJANI VERMA
MBBS, DNB PSYCHIATRY
NEUROPSYCHIATRIST AND DEADDICTION SPECIALIST
MBBS - PT JNM MEDICAL COLLEGE, RAIPUR
DNB HOSPITAL FOR MENTAL HEALTH, AHMEDABAD
4 YEARS OF EXPERIENCE
सोमवार से शनिवार - सुबह 10 से 2, शाम 5 से 8 बजे तक।
उपलब्ध सुविधाएं
• सिजोफ्रेनिया (शक और भ्रम की बीमारी)
• अवसादग्रस्त विकार
• चिंता विकार
• द्विध्रुवी विकार
• डर / फोबिया
• हिस्टीरिया (भूत-प्रेत या आत्मा आने की गलत धारणा)
• अनीच्छनीय क्रिया विकार (ओ.सी.डी.)
• आघात व तनाव से संबंधित विकार
• स्वभावगत विकार
• मिर्गी / अपस्मार
• डिमेंशिया (याददाश्त कमजोर होना)
• नींद से संबंधित विकार
• आधाशीशी / माइग्रेन
• बच्चों में व्यवहार संबंधी विकार
• न्यूरो-डेवलपमेंटल विकार
• यौन विकार
• व्यसन / नशे की लत
पता - फर्स्ट फ्लोर, एडवांस डायग्नोस्टिक सेण्टर, कोरबा
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें - 7879165185

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### डीएव्ही में एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**कोरबा।** डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य कल्याण को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा तथा निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल कोरबा के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यशाला के विषय विशेषज्ञों के रूप में जगजीत सिंह भट्टी प्रधान पाठक न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल तथा मनका पब्लिक स्कूल चांपा की शिक्षिका श्रीमती वैशाली उदय नफ़डे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा, अतिथियों सहित उपस्थित वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न सत्रों तथा गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को विद्यार्थियों के सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन, संतुलित आहार, नियमित योग, ध्यान एवं खेलकूद के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संबोधन में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉक्टर चेतना शर्मा ने कहा मानसिक रूप से स्वस्थ विद्यार्थी ही जीवन में सफलता और संतुलन प्राप्त कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और इसे नज़रअंदाज़ नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान भी किया।

### पुराना बस स्टैंड में हनुमान चालीसा पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**कोरबा।** शहर के पुराना बस स्टैंड में बीते लगभग चार वर्षों से भक्ति और सहकार की अनुपम मिसाल देखने को मिल रही है। प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसने अपना स्वरूप बरकरार रखा है। भक्ति की यह बयार न केवल श्रद्धालुओं को जोड़ रही है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी कर रही है। अब तक लगातार 199 मंगलवार पूरे कर लिए हैं। हर मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ के साथ आरती और भजन का आयोजन किया जाता है। बिना किसी व्यवधान के चल रहा यह क्रम नगर के श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और समर्पण को दर्शाता है। आयोजन में सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक शामिल होते हैं। आयोजनकर्ता सत्यप्रकाश जायसवाल ने बताया कि नगर के श्रद्धालुजनों का पूरा सहयोग मिल रहा है और हर मंगलवार किसी न किसी के सहयोग से भोग प्रसाद का वितरण किया जाता है। समय-समय पर पठन धार्मिक सामग्री का भी वितरण किया जाता है। श्री जायसवाल सहित सहभागियों ने आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आव्हान नगर व क्षेत्रवासियों से किया है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन प्रोग्रेसिव झारसुगड़ा रही विजेता



**कोरबा।** मन्दयंती स्पोर्ट्स सोसायटी, कोरबा द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन सेंट्रल स्टेडियम, एसईसीएल में प्रोग्रेसिव झारसुगड़ा विरुद्ध एसईसीएल, छत्तीसगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें प्रोग्रेसिव झारसुगड़ा विजय रहा प्रथम मैच के मुख्य अतिथि संतोष राठौर पूर्व सभापति व विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर रंजित धीमा, नितिन चतुर्वेदी, सत्यनारायण यादव उपस्थित रहे व पहले मैच के मैन ऑफ द मैच संतोष यादव रहे। दूसरा मैच एमएस क्लब कोरबा विरुद्ध गेवरा स्पोटिंग के मध्य खेला गया। जिसमें गेवरा स्पोटिंग विजय रहा। दूसरे मैच के मुख्य अतिथि नौशाद खान उपस्थित रहे व मैन ऑफ द मैच सुयश रहे। दोनों मैच के अंपायर बलवीर सिंह सोढ़ी, इजराइल खान,राम दास महंत व सुनील शर्मा रहे। इस अवसर पर विकास सिंह, अध्यक्ष, मन्दयंति स्पोर्ट्स सोसायटी, अशोक लोध, महेंद्र सिंह, अनिल प्रजापति, विवेक श्रीवास, मिनखेतन गभेल, अमित सिंह, बृजभूषण प्रसाद, राजेंद्र सूर्यवंशी व भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं दर्शकगण उपस्थित रहे।

# अंतिम चार दिन खरीदे गए धान को अलग से रखना होगा प्रबंधकों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

धान खरीदी के दौरान लगातार एक के बाद एक नए नियम शासन की ओर से जारी हो रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को एक और नया नियम जारी हुआ इसके तहत खरीदी के अंतिम चार दिनों में जो भी धान खरीदा जाएगा उसके लिए समिति प्रबंधकों को अलग से रखने की व्यवस्था करनी पड़ेगी ताकि अंतिम दिनों में आने वाले धान की मात्रा का आंकलन किया जा सके।

बुधवार को जारी हुए नए दिशा निर्देश अंतर्गत 27 से 30 जनवरी तक खरीदे जाने वाले धान को समिति में अलग से रखना होगा। अब तक खरीदे गए धान के जितने भी लॉट खरीदे गए हैं उन लॉट में इन चार दिनों में खरीदे गए धान को नही मिलाया जाएगा। इस नियम के आने के बाद समिति प्रबंधकों को अब अलग से जगह किराये में लेनी पड़ रही है ताकि 4 दिनों के धान की आवक की मात्रा का आंकलन किया जा सके। मार्कफेड के द्वारा धान की मात्रा के साथ साथ कितने किसानों के द्वारा धान बेचा गया और प्रत्येक किसान अंतिम दिनों में कितने क्विंटल धान बेचे इसका डाटा तैयार किया जाएगा। उठाव नहीं होने की वजह से वैसे भी समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। यह स्थिति बड़े उपार्जन केंद्रों में देखी जा रही है जिसमें कोरबा विकासखंड के भैसमा, रामपुर, नवापारा, कोरबा बरपाली के अलावा करतला ब्लॉक में सरगबुंदिया बरपाली, इसी तरह पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में सिरमिना एवं कोरबी उपार्जन केंद्र शामिल हैं। जहां धान रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है उसके बावजूद प्रबंधकों के द्वारा धान रखने की मजबूरी हो गई है।

## बुधवार को राज्य सरकार ने फिर जारी किया नया नियम

**खास बातें**

- खरीदे गए धान बारदाना की गिनती करने की तैयारी
- 9 लाख क्विंटल का कटा टोकन



### 4 साल से बंद है डोंगरीभांठा संग्रहण केंद्र

करतला ब्लॉक के बरपाली के समीप डोंगरीभांठा में मार्कफेड के द्वारा संग्रहण केंद्र खोला जाता था ताकि समितियों में धान जाम होने की अव्यवस्था ना उत्पन्न हो सके। राइस मिलर समितियों से धान उठाकर सीधे डोंगरीभांठा संग्रहण केंद्र में जमा करते थे लेकिन बीते 4 साल से डोंगरीभांठा संग्रहण केंद्र बंद पड़ा हुआ है। वर्तमान में संग्रहण केंद्र शुरु करने की मांग उठने लगी है।

### अन्य जिलों से उठाव ने बढ़ाई समस्या


प्रत्येक वर्ष धान खरीदी के दौरान मार्कफेड के द्वारा अन्य जिलों से धान उठाव के लिए डीओ जारी करने की प्रक्रिया शुरु की जाती है। इस वर्ष 10 लाख क्विंटल का डीओ अन्य जिलों के लिए काटना था। विपणन विभाग ने अन्य जिलों के लिए 8 लाख क्विंटल का डीओ काट दिया है। जिन राइस मिलर्स को अन्य जिलों का डीओ दिया गया उनक द्वारा जिले से धान उठाव के कार्य में कम गाड़ियां लगाई गई और अन्य जिलों से धान उठाव का कार्य ज्यादा किया गया जिसकी वजह से भी उपार्जन केंद्रों में धान के जाम रहने की समस्या खड़ी हो गई है।

## बालको से खाना खाने के लिए शहर आ रहे थे छात्र

# चार स्कॉर्पियो वाहन में स्कूली छात्र कर रहे थे स्टंटबाजी, चार वाहन जब्त, मामला दर्ज



जब्त स्कॉर्पियो वाहन।



स्टंटबाजी करते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिक बच्चे ने शहर में पार्टी करने के लिए किराये में चार स्कॉर्पियो वाहन लेकर वाहन में सवार नाबालिक बच्चों ने शहर के अलग-अलग मार्ग में स्कॉर्पियो के बाहर से निकलकर स्टंटबाजी करते हुए नजर आ रहे थे। किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया था जिसके बाद सोशल मीडिया में वायरल होते ही पुलिस की टीम एक्शन में आई और स्टंटबाजी करने वाले चार स्कॉर्पियो वाहन को जप्त कर लिया है और मामले में अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- निहारिका घंटाघर मार्ग में खिड़की से निकलकर कर रहे थे स्टंट

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग आधा दर्जन से अधिक छात्र चार स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर बालको से निहारिका घंटाघर मार्ग में स्कॉर्पियो की खिड़की से बाहर निकाल कर स्टंट बाजी करते हुए सैर सपाटा कर रहे थे जिसका वीडियो किसी ने तैयार किया था और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। यह वीडियो में सोशल मीडिया में वायरल होते ही या स्टंट बाजी को लेकर लोगों में खासी प्रतिक्रिया देखी गई। मामला सामने आते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पुलिस अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने का फरमान जारी किया था जिसके बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल उनकी टीम एक्शन में नजर आयी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने चारों स्कॉर्पियो वाहन का इतिहास खंगाली और बुधवार की देर शाम चारों स्कॉर्पियो वाहन को जप्त कर लिया है। इस मामले में स्कॉर्पियो वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं दूसरी ओर जो स्कॉर्पियो वाहन में मौज-मस्ती फरार्टे मार रहे नाबालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है।

### रेल बनाने के चक्कर में की जा रही थी स्टंटबाजी

सोशल मीडिया में छाये रहने के लिए लोग इन दिनों कुछ भी कर रहे हैं। ज्यादातर लोग कहीं भी जाकर रील्स तैयार कर रहे हैं। रील्स तैयार करने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। हे वह किसी तरह का एक्शन हो या फिर स्टंट। बताया जाता है कि बालको क्षेत्र में पढ़ने वाले सभी नाबालिक छात्रों के द्वारा रील बनाने और मौज मस्ती करने के लिए ही स्कॉर्पियो वाहन किराये में लिया था और रील बनाने के चक्कर में स्टंटबाजी कर रहे थे। बताया जाता है कि पुलिस इससे पहले भी स्टंटबाजों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर चुकी है लेकिन इसके बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हैं। पुलिस की टीम ने चारों स्कॉर्पियो वाहन को जब्त कर ली है। वहीं नाबालिकों क खिलाफ कार्यवाही करने एक्शन में नजर आ रही है। निश्चिततौर पर ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के साथ साथ उनके अभिभावकों के खिलाफ भी कार्यवाही करनी चाहिए।

# नगर पालिका दीपका पर गाय के शव के अपमान का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका क्षेत्र में गाय के प्रति लापरवाही एवं अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्षेत्र में गाय की आकस्मिक मृत्यु के बाद नगर पालिका द्वारा उनका सम्मानजनक एवं विधिवत अंतिम संस्कार न कर सीधे कचरा बाड़ी में फेंका जा रहा है। इस घटना से स्थानीय लोगों एवं हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- विश्व हिंदू परिषद ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन जताया विरोध

इसे लेकर विश्व हिन्दू परिषद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विहिप का कहना है कि खुले में फेंके गए गो-माता के शवों को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षत-विक्षत किया जा रहा है, वहीं आवारा कुत्ते शव के अंगों को नोचकर खा रहे हैं। इससे न केवल नगर की स्वच्छता व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं, बल्कि हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को भी गहरी ठेस पहुंच रही है। विश्व हिन्दू परिषद ने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक जिम्मेदार शासकीय संस्था द्वारा इस तरह की संवेदनहीनता अत्यंत निंदनीय है। संगठन ने मांग की है कि गो-माता के सम्मान सहित विधिवत एवं स्थायी अंतिम संस्कार व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए। विहिप ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर मंत्री चितरंजन मिश्रा, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं नगर संयोजक अभिषेक यादव उपस्थित रहे। संगठन ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित और ठोस कार्रवाई की मांग की है।



ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य।

### सूने मकान में चोरों का धावा, नकदी रकम पार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमीपाली निवासी कमलेश कुमार कुर्रे उम्र 19 साल पिता बंधु सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जनवरी को उसके माता पिता ने 30 हजार रुपए पढ़ाई खर्च के लिए दिये थे, जिसमें एक हजार रुपए खर्च कर दिया था 29 हजार रुपए को अपने घर के डिब्बा में रखा था। 19 जनवरी को सुबह कमलेश वापस करीब 7.30 बजे घर आया तो पता चला।

# देर रात महिला के गले में हसिया अड़ाकर लूटपाट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देर रात को तीन नकाबपोश युवकों ने एक महिला के घर जा धमके और उसके गर्दन पर हसिया अड़ाकर डरा धमकाकर पैसों की डिमांड करने लगे जब महिला ने आवाज लगाई तो लूटपाट की नियत से घुसे नकाबपोश तीनों युवक घर में रखे 55 सौ रुपए नगद, मोबाइल सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए हैं। महिला की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मामला बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोंगरा बस्ती की है। यहां निवासरत सोनबाई पति स्व गंगाराम मंगलवार की रात खाना खाकर अपने कमरे पर सो रही थी इसी दौरान देर रात लगभग 12 से 1 बजे के बीच उसके घर में नकाबपोश तीन युवक महिला के घर जा धमके और उसके गर्दन पर हसिया अड़ाकर उसे डराते धमकाते हुए मारपीट करने लगे और उससे पैसों की मांग करने लगे लेकिन महिला ने हमेशा उनका प्रतिकार करती रही इस बीच महिला ने जब हिम्मत जुटाकर जोर जोर से चिल्लाने लगी तब बाजू में रहने वाला सोन बाई का रिश्ते का भाई लाठी डंडा लेकर पहुंचे तो नकाबपोश लुटेरे घर में रखे 55 सौ नगद व अन्य सामान लेकर मौके से फरार हो चुके थे। आसपास खोजबीन की तो लुटेरे का कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद महिला ने थाने मामले की शिकायत की जिसपर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन में जुट गई है।

**खास बातें**

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के मोंगरा बस्ती में देर रात हुई वारदात
- संदेहियों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

# यूसीएमएएस की 12वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 30 बच्चों ने भी दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


यूसीएमएएस की 12वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायपुर में 1 हजार से ज्यादा बच्चे हुए शामिल हुए जिसमें कटघोरा सेंटर के 30 बच्चों ने भी प्रतिभा दिखाई। फर्स्ट रनर अप सान्हवी सिन्हा पिता मिहिर सिन्हा, सेकेण्ड रनर अप आरव अग्रवाल पिता दिनेश अग्रवाल, तीसरा रनर अप विराज अग्रवाल पिता हिमांशु अग्रवाल, चौथा रनर अप आरती सिन्हा रहे। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। सभी भाग लेने वाले कटघोरा सेंटर के बच्चों ने आत्मविश्वास, धैर्य और परिश्रम का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। आयोजकों ने सभी प्रतिभागी बच्चों, उनके अभिभावकों एवं विशेष रुप से संचालिका पिंकी वाटवानी जी के प्रयासों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।




## सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# शिक्षा, स्वास्थ्य व जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से करें पूर्ण: ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक लेतीं सांसद ज्योत्सना महंत, उपस्थित कलेक्टर व एसपी।

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में सांसद श्रीमती महंत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। जिला प्रशासन द्वारा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

सांसद श्रीमती महंत ने हाथी प्रभावित क्षेत्रो में आमजनों की सुरक्षा हेतु आवश्यक स्थानों में सोलर हाई मास्ट लाइट लगाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में स्वास्थ्य उपचार हेतु आने वाले मरीजों को पर्याप्त सुविधा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों व स्टॉफ की नियुक्ति, आवश्यक उपकरण व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही दूरस्थ इलाकों में पोस्टमार्टम (शव परीक्षण) केंद्र, मर्च्युरी, एंबुलेंस का पहुँच बढ़ाने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीण लोगों को आपातकाल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकें। उन्होंने ग्रामीण वनांचल क्षेत्रों के स्कूलों में आवश्यकतानुसार शिक्षकों की व्यवस्था एवं यथास्थानों में किचन शेड व स्टोर रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत हितग्राहियों को नियमित रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए। लोगों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु हर घर पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। सांसद श्रीमती महंत ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में आवगमन के लिए बेहतर सड़क, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की। सांसद ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्य के अनुरूप मनरेगा के कार्यो को समय पर पूर्ण करने एवं समय पर मजदूरी भुगतान के लिए निर्देश दिए।

### नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बैठक में बताया कि स्वीकृति के लिए शेष जर्जर स्कूल, आंगनबाड़ी के लिए नए भवन निर्माण की स्वीकृति दी जाएगी, स्कूलों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षा, प्रयोगशाला, पेयजलापूर्ति हेतु पानी टंकी इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। शैक्षणिक संस्थाओं में सबेरे पौष्टिक नास्ता प्रदान किया जा रहा है। 200 मेधावी छात्रों की रायपुर में नीट, जेईई की तैयारी हेतु नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने हेतु उन्हें खेल सामग्री एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा।

